राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल का संस्कृत दिवस पर संदेश

दूरदर्शन व आकाशवाणी से प्रसारण रविवार को

जयपुर, 01 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र संस्कृत दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को सम्बोधित करेंगे। राज्यपाल श्री मिश्र का संस्कृत दिवस पर प्रदेशवासियों के नाम संदेश का प्रसारण रविवार 2 अगस्त को दूरदर्शन व आकाशवाणी से होगा। दूरदर्शन से सांय 6.55 पर और आकाशवाणी से सांय 5.10 पर यह संदेश प्रसारित होगा।

——

राज्यपाल से डॉ. रघु शर्मा मिले

जयपुर, 01 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शनिवार को दोपहर यहां राजभवन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व सूचना एवं जनसम्पर्क मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से डॉ. शर्मा की यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल को श्री शर्मा ने प्रदेश में कोरोना वैश्विक महामारी के हालात और बचाव के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

——

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क),
राज्यपाल, राजस्थान